**अति महत्वपूर्ण**

फा.सं. ई-11014/7/2024-हिंदी पखवाड़ा/252

भारत सरकार

केन्द्रीय जल आयोग

हिंदी अनुभाग

कक्ष सं. 300, नवीन पुस्तकालय भवन,
आर.के.पुरम, नई दिल्ली110066
दिनांक: 26अगस्त, 2025

# परिपत्र

**विषयः केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में हिंदी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में हिंदी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा-

| **दिनांक** | **समय** | **प्रतियोगिता का नाम** |
|---|---|---|
| 16.09.2025 | 11.00 बजे पूर्वाह्न | **हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगता (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी)** |
| 16.09.2025 | 03.30 बजे अपराह्न | **टंकण प्रतियोगिता** |
| 17.09.2025 | 11.00 बजे पूर्वाह्न | **निबंध प्रतियोगिता** |
| 17.09.2025 | 03.30 बजे अपराह्न | **श्रुतलेख प्रतियोगिता (केवल एमटीएस कार्मिकों के लिए)** |
| 18.09.2025 | 11.00 बजे पूर्वाह्न | **अनुवाद प्रतियोगिता** |
| 18.09.2025 | 03.30 बजे अपराह्न | **तकनीकी भाषण (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी)** |
| 19.09.2025 | 11.00 बजे पूर्वाह्न | **काव्य प्रतियोगिता (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी)** |

**प्रतियोगिताओं का स्थान-:**

1- हिंदी टंकण प्रतियोगिता हिंदी अनुभाग (कक्ष संख्या 300, तृतीय तल, नवीन पुस्तकालय भवन) में आयोजित की जाएगी।

2- काव्यपाठ प्रतियोगिता **प्रशिक्षण कक्ष, 5वां तल, सेवा भवन** में आयोजित की जाएगी।

3- शेष सभी प्रतियोगताएं **सम्मेलन कक्ष, तृतीय तल, सेवा भवन** में आयोजित की जाएंगी।

## नियम एवं शर्तें-:

- सभी प्रतियोगिताओं के लिए **कम से कम पांच प्रतिभागियों** का होना आवश्यक है। पांच से कम प्रतिभागी होने पर संबंधित प्रतियोगिता को रद्द भी किया जा सकता है।
- किसी एक प्रतिभागी के दो से अधिक प्रतियोगिताओं में विजयी होने पर उसे अधिकतम उसके दो सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार ही दिए जाएंगे।
- हिंदी संवर्ग से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाएंगे।
- काव्य प्रतियोगिता में पिछले पखवाड़ा के दौरान पुरस्कृत कविताओं को दोहराया न जाए।
- कविता में किसी धर्म, जाति, वर्ग व महिलाओं के संबंध में व्यंग्य अथवा टीका-टिप्पणी न की जाए तथा भाषा एवं शैली शालीन हो। कविता में उक्त नियम का पालन न होने पर उसे रद्द कर दिया जाएगा।
- तकनीकी भाषण एवं काव्य प्रतियोगिता में अंतिम निर्णय निर्णायक मंडल का होगा तथा उसे चुनौती नहीं दी जा सकती।
- हिंदीत्तर भाषियों को नियमानुसार बोनस अंक दिए जाएंगे।
- उक्त सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के दौरान पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

अनुरोध है कि सभी अधिकारी/कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें और साथी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्टॉफ को भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। कृपया अपना नामांकन संलग्न प्रारूप में सीधे हिंदी अनुभाग को (मूल प्रति में) एवं ई-मेल पता- **hindisec-cwc@gov.in** पर **दिनांक 29 अगस्त, 2025** तक अवश्य भेज दें।

**संलग्नक : नामांकन प्रपत्र।**

रोज़ी

(रोज़ी शर्मा)
सहायक निदेशक (रा.भा.)
दूरभाष: 011-29583720

**सेवा में,**

1. सभी मुख्य अभियंता, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
2. सचिव, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
3. सभी निदेशालय/शाखा अधिकारी/लेखा अधिकारी/अनुभाग अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली। इस अनुरोध के साथ कि अपने-अपने स्कंधों के प्रतिभागियों की नामांकन सूची हिंदी अनुभाग को भेजें।

4. निदेशक (समन्वय), अभिकल्प एवं अनुसंधान/जल आयोजना एवं परियोजना/नदी प्रबंध स्कंध, के.ज.आ., नई दिल्ली। इस अनुरोध से कि अपने-अपने स्कंधों के प्रतिभागियों की नामांकन सूची हिंदी अनुभाग को भेजें।

**<u>प्रतिलिपिः</u>**

1. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव, नई दिल्ली।
2. सदस्य, अभिकल्प एवं अनुसंधान/जल आयोजना एवं परियोजना/नदी प्रबंध के प्रधान निजी सचिव, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
3. मुख्य अभियंता (मा.सं.प्र.), केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।

भारत सरकार
केन्द्रीय जल आयोग
हिंदी पखवाड़ा

# हिंदी पखवाड़ा 2025

## नामांकन प्रपत्र

**प्रतिभागी का नामः**

**पदनाम:**

**मातृभाषा:**

**निदेशालय/अनुभाग:**

**मोबाइल नं.**

**बी.पी.एल:**

**जिस प्रतियोगिता में भाग लेना हो उस पर सही (✓) का निशान लगाएं।**

1. **टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता- (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी)**
2. **हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता**
3. **अनुवाद प्रतियोगिता**
4. **हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कम्प्यूटर पर) सभी अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए**
5. **श्रुतलेख प्रतियोगिता- (एम.टी.एस. कर्मचारियों के लिए)**
6. **काव्य प्रतियोगिता- (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी)**
7. **तकनीकी भाषण प्रतियोगिता- (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी)**

**प्रतिभागी के हस्ताक्षर**